**Series &RQPS**

**Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **338**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# बीमा

# INSURANCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 60*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 60*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **15** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **24** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्डों में **24** प्रश्न हैं : **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं जबकि **खण्ड ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिए गए (6 + 18) = 24 प्रश्नों में से, उम्मीदवार को 3 घंटे के आबंटित (अधिकतम) समय में (6 + 11) = 17 प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी विशेष खण्ड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड क** : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

*(a) इस खण्ड में **6** प्रश्न हैं ।*

*(b) कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(c) दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्य कीजिए ।*

*(d) प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

*(vii)* ***खण्ड ख** : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक) :*

*(a) इस खण्ड में **18** प्रश्न हैं ।*

*(b) उम्मीदवार को **11** प्रश्न करने हैं ।*

*(c) दिए गए निर्देशों के अनुसार कीजिए ।*

*(d) प्रत्येक प्रश्न / भाग के सामने आबंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

## खण्ड क

**(वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)** **(30 अंक)**

**1.** रोज़गार कौशल पर दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***4*** के उत्तर दीजिए । *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा सक्रिय रूप से सुनने का भाग है ?

(A) आँखों से संपर्क बनाये रखना

(B) सिर हिलाना

(C) स्पष्टीकरण के लिए पूछना

(D) चुपचाप बैठना

***General Instructions :***

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This question paper consists of* ***24*** *questions in* ***two*** *Sections :* ***Section A*** *and* ***Section B****.*

*(iii)* ***Section A*** *has Objective Type Questions, whereas* ***Section B*** *contains Subjective Type Questions.*

*(iv)* *Out of the given (6 + 18) = 24 questions, a candidate has to answer (6 + 11) = 17 questions in the allotted (maximum) time of 3 hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section A*** *: Objective Type Questions (30 marks) :*

  *(a)* *This section has* ***6*** *questions.*

  *(b)* *There is no negative marking.*

  *(c)* *Do as per the instructions given.*

  *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section B*** *: Subjective Type Questions (30 marks) :*

  *(a)* *This section has* ***18*** *questions.*

  *(b)* *A candidate has to do* ***11*** *questions.*

  *(c)* *Do as per the instructions given.*

  *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION A

**(Objective Type Questions)** **(30 Marks)**

**1.** Answer any ***4*** out of the given ***6*** questions on Employability Skills. *4×1=4*

(i) Which of the following is a part of active listening ?

(A) Maintaining eye contact

(B) Nodding head

(C) Asking for clarification

(D) Sitting silently

(ii) परिवार, संस्कृति, समाज, शिक्षा और अन्य पर्यावरणीय कारकों के माध्यम से किसको आकार दिया जा सकता है ?

(iii) प्रेरणा का कौन-सा स्रोत हमें उस बड़ी छलांग के लिए मानसिक रूप से तैयार होने में मदद करता है ?

(A) पुस्तक (B) संगीत

(C) बड़े सपने देखना (D) गतिविधि

(iv) वह कक्ष जिसको एक मोटी लाइन/बार्डर के साथ चयनित एवं चिह्नित किया गया है वह __________ कहलाता है ।

(A) मृत कक्ष (B) सक्रिय कक्ष

(C) कक्ष की रेंज (D) कक्ष

(v) उस व्यक्ति को आप क्या कहेंगे, जो नए व्यापार की पहल, सृजन और प्रबंध करता है ?

(vi) नवीकरणीय ऊर्जा के कोई दो स्रोत लिखिए ।

**2.** दिए गए *7* प्रश्नों में से किन्हीं *5* के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) एक सामान्य बीमा कम्पनी के लिए मल्होत्रा कमेटी द्वारा न्यूनतम कितनी पूँजी की सिफारिश की गई थी ?

(ii) बीमा __________ और __________ के बीच एक विशेष प्रकार का अनुबंध है ।

(A) बीमाकर्ता, एजेंट (B) बीमित, ग्राहक

(C) बीमित, बीमाकर्ता (D) बीमा कम्पनी, दलाल

(iii) किसी व्यक्ति की मृत्यु एक प्राथमिक जोखिम है और यह सामान्य बीमा के अंतर्गत कवर नहीं होता है । तो फिर यह किस बीमा के अंतर्गत कवर किया जाता है ?

(A) समुद्री बीमा (B) जीवन बीमा

(C) चोरी बीमा (D) मोटर वाहन बीमा

(ii) What can be shaped through family, culture, society, education and other environmental factors ?

(iii) Which source of motivation helps us to be mentally prepared to take that big leap forward ?

(A) Books (B) Music

(C) Dreaming big (D) Activity

(iv) The cell which is selected and highlighted with a thick border is called a/an __________.

(A) Dead cell (B) Active cell

(C) Range of cell (D) Cell

(v) What will you call a person, who initiates, creates and manages a new business ?

(vi) Write any two renewable sources of energy.

**2.** Answer any ***5*** out of the given ***7*** questions. *5×1=5*

(i) How much was the minimum capital recommended by the Malhotra Committee for a General Insurance Company ?

(ii) Insurance is a special type of contract between the __________ and __________.

(A) Insurer, Agent (B) Insured, Client

(C) Insured, Insurer (D) Insurance company, Broker

(iii) The death of a person is a primary risk and is not covered under General Insurance. Under which insurance is it covered ?

(A) Marine Insurance (B) Life Insurance

(C) Theft Insurance (D) Motor Vehicle Insurance

(iv) उस बीमा पॉलिसी का नाम बताइए जो हमारे वाहन के लिए सम्पूर्ण सुरक्षा प्रदान करती है ।

(v) कौन-से वर्ष में भारतीय सामान्य बीमा निगम (GIC) ने अपना व्यापार शुरू किया था ?

(vi) भारतीय कृषि बीमा कम्पनी लिमिटेड का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ?

(vii) जब संपत्ति को अवैध तरीके से एक व्यक्ति द्वारा ले लिया जाता है जो वैध रूप से किसी अन्य की है, इसके लिए किस प्रकार का बीमा लिया जाता है ?

**3.** दिए गए ***7*** प्रश्नों में से किन्हीं ***6*** के उत्तर दीजिए । *6×1=6*

(i) एक अग्नि पॉलिसी को __________ की अनुमति के बिना सौंपा नहीं जा सकता ।

(A) बीमित (B) बीमाकर्ता

(C) एजेंट (D) आई.आर.डी.ए.

(ii) कौन-से वर्ष को "लंदन की भीषण आग" के रूप में जाना जाता है ?

(iii) स्टॉक की हानि और लाभ की हानि के दावे को कवर करने के लिए कौन-सी बीमा पॉलिसी ली जाती है ?

(iv) टैरिफ सलाहकार समिति __________ वर्ष में स्थापित की गई ।

(A) 1972 (B) 1968

(C) 1907 (D) 1957

(v) एक व्यापारी के लिए किस प्रकार की अग्नि पॉलिसी उपयुक्त है जिसके स्टॉक का भंडारण अलग-अलग स्थानों पर स्थित गोदामों में किया गया है ?

(vi) कौन-सी अग्नि पॉलिसी क्षतिपूर्ति के सिद्धांत का उल्लंघन करती है ?

(A) विशिष्ट पॉलिसी (B) मूल्यांकित पॉलिसी

(C) औसत पॉलिसी (D) परिवर्तनशील पॉलिसी

(vii) सेंधमारी बीमे में "अंतर्निहित मूल्य" का क्या अर्थ है ?

(iv) Name the Insurance Policy which provides overall protection to our vehicles.

(v) In which year did GIC commence its business ?

(vi) Where is the Head Office of Agriculture Insurance Company of India Ltd. situated ?

(vii) Which type of insurance is required when the property that lawfully belongs to someone else is taken unlawfully by a person ?

**3.** Answer any ***6*** out of the given ***7*** questions. *6×1=6*

(i) A fire policy cannot be assigned without the permission of the __________.

| | |
|---|---|
| (A) Insured | (B) Insurer |
| (C) Agent | (D) IRDA |

(ii) Which year is known as the 'Great Fire of London ?'

(iii) Which insurance policy is taken to cover the claim for loss of stock and loss of profit ?

(iv) The Tariff Advisory Committee was set up in the year _________.

| | |
|---|---|
| (A) 1972 | (B) 1968 |
| (C) 1907 | (D) 1957 |

(v) Which type of fire policy is suitable for a businessman whose stocks are stored in godowns located at different places ?

(vi) Which fire policy violates the Principle of Indemnity ?

| | |
|---|---|
| (A) Specific policy | (B) Valued policy |
| (C) Average policy | (D) Floating policy |

(vii) What is meant by "Instrinsic value" in Burglary Insurance ?

**4.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) लंदन से पीसा तक समुद्र के रास्ते माल ढुलाई के लिए ली जाने वाली प्रीमियम दरों को इंगित करने वाली पुस्तक का लेखक कौन है ?

(ii) समुद्री बीमे को कितने प्रकार की श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(iii) समुद्री बीमे की कौन-सी पॉलिसी में विशेष यात्रा के स्थान द्वारा जोखिमों की सीमा निर्धारित की जाती है ?

(A) मूल्यांकित पॉलिसी (B) समय पॉलिसी

(C) परिवर्तनशील पॉलिसी (D) यात्रा पॉलिसी

(iv) सामान के परिवहन के लिए भुगतान की गई राशि __________ कहलाती है ।

(v) समुद्री बीमा के जहाज तक निःशुल्क पोत पर्यन्त अनुबंध के तहत माल की क्षति और हानि के लिए कौन ज़िम्मेदार होगा जब तक कि माल जहाज पर ना रखवा दिया जाए ?

(A) क्रेता (B) विक्रेता

(C) एजेंट (D) बीमा कम्पनी

(vi) श्री सुधीर 15 दिनों की छुट्टी पर घर से बाहर थे और इसी दौरान उनके घर में सेंधमारी हो गई । क्या सेंधमारी बीमा इस हानि को कवर करेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**5.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) मोटर वाहन अधिनियम कौन-से वर्ष में प्रभावी हुआ ?

(A) 1989 (B) 1988

(C) 1987 (D) 1990

(ii) तृतीय पक्ष बीमे के तहत किसी भी व्यक्ति की मृत्यु या शारीरिक चोट लगने पर कितनी देयता राशि दी जाती है ?

(iii) वाहन की घन क्षमता किस उद्देश्य के लिए प्रयोग की जाती है ?

**4.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Who wrote the book which indicates premium rates charged for the shipment by sea from London to Pisa ?

(ii) Into how many types can Marine insurance be classified ?

(iii) In which Marine policy are the limits of the risks determined by place of particular voyage ?

(A) Valued policy (B) Time policy

(C) Floating policy (D) Voyage policy

(iv) The amount paid for transportation of cargo is called ________.

(v) Under Free On Board contract of Marine Insurance, who will be responsible for the loss or damage to the goods until the goods are not placed on board the ship ?

(A) Buyer (B) Seller

(C) Agent (D) Insurance company

(vi) Mr. Sudhir was away on a holiday for 15 days and during this period his house was burgled. Will the burglary insurance policy cover this loss ? If not, then why ?

**5.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) In which year did the Motor Vehicles Act come into force ?

(A) 1989 (B) 1988

(C) 1987 (D) 1990

(ii) What amount of liability is paid, in case of death or bodily injury to any person under third party insurance ?

(iii) For what purpose is the cubic capacity of the vehicle used ?

(iv) वाहन की निम्नलिखित हानियों में से कौन-सी हानि "स्वयं की हानि" के अंतर्गत ***नहीं*** आती है ?

(A) आतंकी कार्य (B) भूकंप

(C) भूस्खलन (D) मूल्यह्रास

(v) यदि वाहन का बाज़ार मूल्य बीमित मूल्य से ज़्यादा है तो किस सीमा तक दावे का निपटारा किया जा सकता है ?

(vi) दावा लेने के उद्देश्य से कौन-से बीमे में घर तोड़ने का प्रमाण होना जरूरी है ?

**6.** दिए गए ***6*** प्रश्नों में से किन्हीं ***5*** के उत्तर दीजिए । *5×1=5*

(i) स्वास्थ्य बीमे में तृतीय पक्ष प्रशासक को लाइसेंस कौन देता है ?

(A) आई.आर.डी.ए. (B) केन्द्र सरकार

(C) एल.आई.सी. (D) जी.आई.सी.

(ii) चिकित्सा खर्चों के भुगतान के लिए विदेशी चिकित्सा पॉलिसी को कौन-से वर्ष में शुरू किया गया ?

(iii) दुर्घटना बीमा आकस्मिक शारीरिक चोट से होने वाले नुकसान के खिलाफ __________ का एक रूप है ।

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा फॉर्म विभिन्न बीमाकर्ताओं द्वारा सबसे अधिक उपयोग किया जाता है ?

(A) मानक बीमा फॉर्म

(B) मानक पॉलिसी फॉर्म

(C) मानक बेचान फॉर्म

(D) गारंटी मानक फॉर्म

(v) अस्थिर (फ्लोटर) स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के तहत परिवार के कितने सदस्यों को कवर किया जा सकता है ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

(vi) यदि व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी धारक की हृदयघात के कारण मृत्यु हो जाती है तब, दावे को स्वीकार क्यों ***नहीं*** किया जाता है ?

(iv) From the following damages of a vehicle, which are ***not*** covered under "own damage" ?

(A) Act of Terror (B) Earthquake

(C) Landslide (D) Depreciation

(v) If the market value of a vehicle is more than the insured value, then to what extent can the claim be settled ?

(vi) For the purpose of taking claim, in which insurance is the evidence of housebreaking necessary ?

**6.** Answer any ***5*** out of the given ***6*** questions. *5×1=5*

(i) Who provides the license for third party administrator in health insurance ?

(A) IRDA (B) Central Government

(C) LIC (D) GIC

(ii) In which year was the Overseas Medical Policy introduced for payment of medical expenses ?

(iii) Accident insurance is a form of _________ against loss by accidental bodily injury.

(iv) Which of the following form is most commonly used by different insurers ?

(A) Standard insurance form

(B) Standard policy form

(C) Standard endorsement form

(D) Guarantee standard form

(v) How many family members can be covered under the Floater Health Insurance Policy ?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 5

(vi) Why is claim ***not*** accepted under Personal Accident Policy if the holder dies due to a heart attack ?

## खण्ड ख

**(विषयपरक प्रकार के प्रश्न)** **(30 अंक)**

*रोज़गार कौशल के दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 – 30 शब्दों में दीजिए ।* *3×2=6*

**7.** एक छात्र के लिए सक्रिय रूप से सुनना किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है ?

**8.** स्वयं-प्रबंधन कौशल को सुधारने के लिए किन्हीं दो चरणों का उल्लेख कीजिए ।

**9.** प्रस्तुतीकरण सॉफ्टवेयर प्रयोग करने के कोई दो लाभ लिखिए ।

**10.** व्यवसायिक अवसर का क्या अर्थ है ?

**11.** हरित अर्थव्यवस्था के किन्हीं दो मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर प्रत्येक का 20 से 30 शब्दों में दीजिए ।* *3×2=6*

**12.** समुद्री बीमा के तहत क्षतिपूर्ति अनुबंध को समझाइए ।

**13.** मोटर वाहन बीमा पॉलिसी का पॉलिसी "फॉर्म बी" समझाइए ।

**14.** उन हानियों को समझाइए जो व्यक्तिगत दुर्घटना पॉलिसी के तहत कवर ***नहीं*** की जाती है ।

**15.** किन्हीं चार संपत्तियों की सूची दीजिए जो सेंधमारी एवं चोरी बीमा के तहत कवर की जाती हैं ।

**16.** श्री सुमित ने अपनी 15 लाख की संपत्ति के विरुद्ध अग्नि बीमा लिया है और आग से करीब दो लाख का नुकसान हुआ है । क्या श्री सुमित दो लाख से ज्यादा का दावा प्राप्त कर सकते हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? इस स्थिति में कौन-सा सिद्धांत लागू होगा ?

## SECTION B

**(Subjective Type Questions)** **(30 Marks)**

*Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability Skills. Answer each question in 20 – 30 words.* 3×2=6

**7.** How is active listening important for a student ?

**8.** State any two steps of improving self-management skills.

**9.** Write any two benefits of using a presentation software.

**10**. What is meant by business opportunity ?

**11.** State any two main objectives of green economy.

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 20 – 30 words each.* 3×2=6

**12.** Explain the Contract of Indemnity under Marine insurance.

**13.** Explain the Policy "Form B" of Motor Vehicle Insurance Policy.

**14.** Explain the losses that are ***not*** covered under Personal Accident Policy.

**15.** List any four assets which are covered under burglary and theft insurance.

**16.** Mr. Sumit has taken Fire Insurance Policy against his property for ₹ 15 lakh and it is damaged by fire to the extent of ₹ 2 lakh. Can Mr. Sumit get a claim for more than 2 lakh ? If not, why ? Which principle will be applicable in this situation ?

*दिए गए **3** प्रश्नों में से किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर 30 से 50 शब्दों में दीजिए ।* *2×3=6*

**17.** श्री अमर एक व्यवसायी है और उसने नेशनल बीमा कम्पनी से अपनी संपत्ति का बीमा कराया है लेकिन बीमा पॉलिसी लेते समय उसने कुछ तथ्यों को छिपा लिया । दावे के समय पर बीमा कम्पनी ने दावा मानने से स्पष्ट मना कर दिया । क्यों ? कौन-सा सिद्धांत लागू होगा ?

**18.** समुद्री बीमा के तहत 'ड्यूटी बीमा' को समझाइए ।

**19.** पॉलिसी विस्तार का क्या अर्थ है ?

*दिए गए **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर 50 से 80 शब्दों में दीजिए ।* *3×4=12*

**20.** निम्नलिखित स्थिति में लागू होने वाले बीमे के सिद्धांत को समझाइए :

"बीमाधारी को किसी भी तरह से या इसके परिणामस्वरूप हानि से कोई लाभ नहीं होना चाहिए ।"

**21.** समुद्री बीमा के तहत किन्हीं चार पक्षों की सूची दीजिए जो बीमा योग्य हित रखते हैं ।

**22.** श्री देवदास अत्यंत ज्वलनशील कैमिकल की एक फैक्टरी चला रहे हैं, जो कि जोखिमों से भरी हुई है । एक एजेंट होने के नाते श्री देवदास को आप कौन-सा बीमा देना चाहेंगे ? उस बीमा पॉलिसी को लेने की प्रक्रिया समझाइए ।

**23.** अनिल को सुरेश की कार ने टक्कर मार दी और उसे मृत घोषित कर दिया गया । अनिल के कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा की जाने वाली तृतीय पक्ष दावे की प्रक्रिया को समझाइए ।

**24.** एक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी धारक को अस्पताल में भर्ती किया जाता है । पॉलिसी के तहत कौन-से खर्चों को कवर किया जाएगा ?

*Answer any **2** out of the given **3** questions in 30 – 50 words each.* $2 \times 3 = 6$

**17.** Mr. Amar is a businessman and he insured his property with National Insurance Company, but hid some facts at the time of taking the insurance policy. At the time of claim, the insurance company clearly denied the claim. Why ? Which principle will be applicable here ?

**18.** Explain 'Duty Insurance' under Marine Insurance.

**19.** What is meant by policy extension ?

*Answer any **3** out of the given **5** questions in 50 – 80 words each.* $3 \times 4 = 12$

**20.** Explain the Principle of Insurance that will be applicable in the following case :

"Insured should not make any profit in any way or as a consequence of loss."

**21.** List any four parties under Marine Insurance that have insurable interest.

**22.** Mr. Devdas is running a highly inflammable chemical factory, which is hazardous. Being an agent, which types of insurance would you prefer to offer Mr. Devdas ? Explain the procedure to take that insurance policy.

**23.** Anil got hit by Suresh's car and was declared dead. Explain the third party claim procedure which should be followed by the legal heirs of Anil.

**24.** A health insurance policy holder is admitted to the hospital. Which types of expenses may be covered under the policy ?